उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः– 12.03.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**

आज दिनांकः- 12.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 12.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति 5.0 : नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर महोबा पुलिस का सशक्त जागरुकता अभियान...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में “मिशन शक्ति अभियान फेज-5” के अन्तर्गत आज दिनांक- 12.03.2026 को जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

“मिशन शक्ति 5.0” अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई।

अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई।

महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।








उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 12.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

## उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस बल की ब्रीफिंग

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा–2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह की उपस्थिति में ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगणों की विस्तृत ब्रीफिंग की गई।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, नकल या संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जाए तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करें।

इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के भी निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।





## उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा–2025 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु महोबा पुलिस द्वारा रियल टाइम रिहर्सल आयोजित

आज दिनांक 12.03.2026 को जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा–2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत रियल टाइम रिहर्सल करायी गयी।

उक्त रिहर्सल के दौरान परीक्षा के दिन की संपूर्ण व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास कराया गया, जिसमें परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, चेकिंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन तथा केन्द्रों पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी एवं उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों द्वारा रिहर्सल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न होने पाए। साथ ही सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु पूरी सतर्कता, अनुशासन एवं समन्वय के साथ अपनी-अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

इस अवसर पर समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष, परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 12.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा 04 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट से सम्बन्धित वारण्टी तथा मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.03.2026 को श्रीमती वंदना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा व श्री रविकान्त गोड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ श्री विनोद कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा 04 नफर वांछित अभियुक्तगण को थाना महोबकंठ पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 29/2026 धारा 190/ 191(2)/ 191(3)/ 109(1)/ 333/ 76/ 115(2)/ 352/ 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित क्रमशः 1.शिवम उर्फ छोटू राजपूत पुत्र संतोष राजपूत उम्र 24 वर्ष, 2.संतोष राजपूत पुत्र भोजराज राजपूत उम्र 48 वर्ष, 3.दिनेश राजपूत पुत्र सुरेश राजपूत उम्र 23 वर्ष निवासीगण ग्राम टिंगुरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को नहर पुल से दिदवारा की ओर जाने वाली सड़क से तथा 4.हलकुट्टा उर्फ दिलीप पुत्र मानसिंह उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कुनाटा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को कुनाटा नहर पुलिया के नीचे से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार थाना महोबकंठ
2. वरि0 उ0नि0 कन्हैयालाल
3. का0 नितिन कुमार
4. म0का0 राखी सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.शिवम उर्फ छोटू राजपूत पुत्र संतोष राजपूत उम्र 24 वर्ष

2.संतोष राजपूत पुत्र भोजराज राजपूत उम्र 48 वर्ष

3.दिनेश राजपूत पुत्र सुरेश राजपूत उम्र 23 वर्ष निवासीगण ग्राम टिंगुरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा 4.हलकुट्टा उर्फ दिलीप पुत्र मानसिंह उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कुनाटा थाना महोबकंठ जनपद महोबा




@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 12.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा–2025 के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा।

आज दिनांक 12.03.2026 को जनपद में आयोजित होने वाली उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा–2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी महोबा श्री कुंवर पंकज एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा जनपद में बनाये गये विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण कर उनका जायजा लिया गया।

अधिकारियों ने संबंधित केन्द्र व्यवस्थापकों व ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, शुचिता एवं सुरक्षा के साथ सम्पन्न कराया जाए तथा परीक्षा से संबंधित सभी मानकों व दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान पायी गयी कुछ त्रुटियों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गये, जिससे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

अधिकारियों ने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सके।



